Class No. : ..........................................

Name : ..........................................

**FY 105**

# FIRST YEAR HIGHER SECONDARY SECOND TERMINAL EXAMINATION, DECEMBER 2024

## Part – II

## HINDI

**Maximum : 80 Scores**

Time : 2½ Hours
Cool-off Time : 15 Minutes

---

**उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश :**

- *लेखन समय के अलावा, यहाँ 15 मिनट का 'कूल ऑफ टाइम' है ।*
- *प्रश्नों से परिचित होने के लिए और अपने उत्तरों की योजना बनाने के लिए 'कूल ऑफ टाइम' का प्रयोग करें ।*
- *उत्तर देने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।*
- *निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।*

**Score**

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(5×1=5)**

1. 'चाँद और कवि' किसकी रचना है ?

   (जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह 'दिनकर', कबीरदास)

2. बेंजमिन फ्रैंकलीन ने विद्यार्थी को कितने डॉलर दिए ?

   (20 डॉलर, 10 डॉलर, 5 डॉलर)

3. 'अपने कुचले हुए सपनों को सहला रहा है ।' कौन ?

   (रिटायर्ड बूढ़ा, बच्चा, युवक)

Score

4. 'अनुताप' किस विधा की रचना है ?

(नाटक, लघु-कथा, निबंध)

5. नया दारोगा कौन है ?

(बीरबल सिंह, मैकू, दीनदयाल)

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

अंधकार का जलधि लाँघकर

आवेंगी शशि-किरनें

अंतरिक्ष छिड़केगा कन-कन

निशि में मधुर तुहिन को

इस एकांत सृजन में कोई

कुछ बाधा मत डालो

जो कुछ अपने सुंदर से हैं

दे देने दो इनको ।

6. निशि में मधुर तुहिन कौन छिड़केगा ? (1)

(शशि किरन, अंतरिक्ष, समुद्र)

7. शशि किरनें कैसे आएँगी ? (2)

8. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । (6)

Score

सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें । (2×2=4)

9. सार्थक वाक्य में बदलें ।

असलमअबनहींआएगा ।

10. 'जिस पर अंकित हैं आँसू, थकान, विश्राम और प्रेम की स्मृतियाँ' – पत्थर की बैंच पर क्या-क्या अंकित हैं ?

11. प्रश्नवाचक शब्दों की सहायता से दो प्रश्न बनाएँ ।

मानव बुलबुलों से खेलकर कविता बनाता है ।

(कौन, क्या)

सूचना : 12 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें । (3×4=12)

12. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

- मैं आपको इत्मीनान दिलाता हूँ कि किसी किस्म का दंगा-फ़साद न होगा ।
- हमें अपने भाईओं से लड़ाई नहीं करनी है ।
- लोगों की मनोवृत्ति में आया वह परिवर्तन ही हमारी असली विजय है ।

13. जीवन-वृत्त पढ़ें और रामधारी सिंह 'दिनकर' के बारे में एक अनुच्छेद लिखें ।

| जीवन-वृत्त | |
|---|---|
| नाम | : रामधारी सिंह 'दिनकर' |
| जन्म | : 23 सितंबर 1908 |
| जन्मस्थान | : सिमरिया, बिहार |
| प्रमुख रचनाएँ | : कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रेणुका |
| पुरस्कार | : ज्ञानपीठ 1972 |
| मृत्यु | : 24 अप्रैल 1974 |

Score

14. सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| दुख | यात्रियों को टिकट देना |
| कबीरदास | यशपाल |
| टिकट बाबू | आम की गुठलियाँ बोना |
| बूढ़ा आदमी | संत एवं समाज सुधारक |

15. दोहा पढ़ें और आशय लिखें ।

बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय ।
जो दिल खोजौं आपना, मुझ-सा बुरा न कोय ॥

**सूचना : गद्यांश पढ़ें और प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें ।**

एक वृद्ध संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से सफ़र कर रही थी । वे खिड़की के पास बैठकर, बीच-बीच में, अपनी मुट्ठी से कुछ चीज़ बाहर फेंकती जा रही थी । एक सहयात्री ने, जो यह देख रहा था, पूछा, "यह आप क्या कर रही हैं ?" उस महिला ने जवाब दिया, "ये सुंदर फलों और फूलों के बीज हैं । मैं इन्हें इस उम्मीद से फेंक रही हूँ कि इनमें से कुछ भी अगर जड़ पकड़ लेंगे तो लोगों का इससे कुछ फ़ायदा होगा । पता नहीं मैं इस रास्ते से फिर गुज़रूँ या न गुज़रूँ, इसलिए क्यों न मैं इस संधि का उपयोग कर लूँ ?"

16. संभ्रांत महिला रेलगाड़ी में बैठकर क्या कर रही थी ? **(2)**

17. खंड का संक्षेपण करें । **(6)**

Score

**सूचना : 18 से 21 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** (3×6=18)

18. सितंबर 14 हिंदी दिवस है । इस अवसर पर आपके स्कूल के हिंदी क्लब की ओर से विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन होनेवाला है । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

19. असलम को डॉक्टर से पता चला कि उसके दोनों गुर्दों में खराबी है । इसके बारे में असलम नये रिक्शेवाले से बातचीत करता है । वह बातचीत लिखें ।

- पेट में दर्द
- गुर्दों में खराबी
- रिक्शा चलाने से मना करना

20. 'ज़रा ठहरिए, भाई साहब ! देखिए बेचारा बाबू कितना फँस रहा है ।' लेखक ने यात्रियों की भीड़ से ऐसा कहा । यह सुनकर टिकट बाबू खुश हुआ । टिकट बाबू इसके बारे में डायरी में लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- टिकट लेने की भीड़
- टिकट बाबू की परेशानी
- लेखक की सहानुभूति से भरा शब्द

21. **अंग्रेज़ी संवाद पढ़ें और हिंदी में अनुवाद करें ।**

Riya : Hey, did you go to the youth festival yesterday ?

Priya : Yes, I did ! It was so exciting !

Riya : What did you like the best ?

Priya : I loved the dance performances.

Riya : I too ! The dancers were so good.

Priya : Next year we can also participate.

Riya : Ok.

(youth festival – युवजनोत्सव, yesterday – कल, exciting – रोमांचक,
dance performance – नृत्य प्रदर्शन, participation – भाग लेना)

**सूचना : 22 से 25 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3×8=24)**

22. किसी एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- फिल्म का कथासार
- फिल्म का विश्लेषण
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

23. जी. के. कंपनी की ओर से नयी चप्पल (chappal) बाज़ार में आयी है । उसकी बिक्री बढ़ाने के लिए आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- विभिन्न रंग
- नये मॉडल
- हल्का
- कम दाम

Score

24. अंग्रेज़ी और हिंदी के आठ पारिभाषिक शब्द जोड़े चुनकर लिखें ।

Trash Format संसाधन

सार्वजनिक Output प्रारूप रद्द करें

Search Internet

Resource कूड़ेदान

बहिर्पात

Public

अंतर्जाल Cancel खोज

25. "केरल में निपाह वायरस का फिर से व्यापन "।

निपाह वायरस (Nipah virus) की रोकथाम के लिए सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए विमल, गाँधी नगर, एरणाकुलम की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, केरल सरकार के नाम एक सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

---